तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025



14 गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर बता रहे ...



13 रासेयो शिविर स्वच्छता, पौधारोपण और...






## खबर संक्षेप

### पैसे देने से मना करने पर दो युवकों ने की मारपीट

**बालोद।** पैसे देने से मना करने पर दो युवकों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। इसके बाद पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। इस मामले में पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कीकिरमेटा, थाना जामगांव जिला दुर्ग निवासी शेख नासिर वल्द राशिद खान 32 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 2 दिसंबर को अपने परिचित के धनेश्वर यादव युवराज साहू तीनों ग्राम परसोदा आए थे, उसके बाद शराब भट्टी हल्दी गए तो करीब 4 बजे ग्राम बेल्हरी निवासी संजू साहू, जग्गू सतनामी ने मुझे देखकर मेरे पास संजू साहू आया और मुझे पैसा मांगने लगा तथा मैंने उसे पैसे देने से मना किया तो मुझे संजू साहू के द्वारा गालियां देकर मुझे पैसा नहीं दे रहा है कहते हुए दोनों के द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट करने से मुंह से खून निकला चोट लगा आंख के नीचे सूज गया है बदन में दर्द हो रहा है।

### मड़ई घूमने गए युवक की बाइक पार, मामला दर्ज

**बालोद।** जिले के ग्राम गुरामी निवासी एक युवक की मोटरसाइकिल को चोर ने उस समय चुरा लिया, जब वह अपने दोस्त के साथ एक स्थानीय मड़ई घूमने गया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम गुरामी निवासी विजय कुमार मंडावी ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर को वह अपने दोस्त जितेंद्र सलामे के साथ काशी राम मंडावी की मोटरसाइकिल से ग्राम अरजपुरी की मड़ई घूमने गए थे। शाम करीब 6 बजे उन्होंने मोटरसाइकिल को हेमूप्रसाद पाण्डे के घर के पास रोड के किनारे खड़ा कर दिया। युवक ने बताया कि मोटरसाइकिल का हैंडल लॉक खराब होने के कारण वह उसे लॉक नहीं कर पाए थे। वे दोनों बिना लॉक किए ही मड़ई में घूमने चले गए। रात करीब 8 बजे जब वे वापस उसी जगह आए जहां मोटरसाइकिल खड़ी थी, तो देखा कि गाड़ी गायब थी। उन्हें पता चला कि कोई अज्ञात चोर मोटरसाइकिल चोरी करके ले गया है। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है और चोरी गई मोटरसाइकिल की तलाश तथा चोर की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

### विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने मारी ठोकर, युवक घायल

**बालोद।** राजहरा में काम से जा रहे एक युवक को सामने से आ रही मोटरसाइकिल ने जोरदार ठोकर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वार्ड क्रमांक 18, पुराना बाजार राजहरा निवासी आदिल खान ने पुलिस को बताया कि 1 दिसंबर की रात करीब 11 बजे, उन्हें सुबोध अंकल का फोन आया, जिन्होंने शेष पेज 13 पर

# व्यापमं की अमीन भर्ती परीक्षा कल, परीक्षार्थियों के लिए कपड़ा कलर कोड जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदशएँपूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने व्यापम द्वारा 07 दिसंबर को आयोजित जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भतएँ परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले जिले के सभी अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए सफलतापूर्वक परीक्षा के आयोजन में सहयोग करने को कहा है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अंतर्गत परीक्षाथएँ, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करे। जिससे उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षाथएँ, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुँचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। जारी दिशा निर्देश में बताया गया है कि परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा सुबह 12 बजे से प्रारंभ हो रहा है अतः मुख्य द्वार सुबह 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षाथएँ हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देना अनिवार्य है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा।

## परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा

### 2.29 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

उल्लेखनीय है कि 07 दिसंबर को आयोजित होने वाले जल संसाधन विभाग अंतर्गत भतएँ परीक्षा हेतु राज्य के अंबिकापुर, बैकुंठपुर(कोरिया), बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, जगदलपुर, जांजगरी–चांपा, जशपुर, कांकेर, कबीरधाम, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर एवं राजनांदगांव सहित कुल 16 जिलों में 756 परीक्षा केन्द्रों बनाया गया है। जिसमें 02 लाख 29 हजार 970 अभ्यथएँ शामिल होंगे।




### चप्पल पहनना जरूरी

केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कमएँ से जांच कराना अनिवार्य है। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस—तिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। परीक्षाथएँ फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षाथएँ परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आए।

**अग्निवीर**

**देशसेवा और सीमा की सुरक्षा जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य**

# अग्निवीर नीलेश का ट्रेनिंग के बाद लौटने पर गृहग्राम में अतिशबाजी कर किया स्वागत







हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

ग्राम निपानी का लाडला सपूत निलेश सिन्हा पिता देवनारायण सिन्हा अग्नि वीर थल सेना में चयन उपरांत ट्रेनिंग प्राप्त कर प्रथम बार गृह ग्राम निपानी की पावन धरा में जैसे पैर रखे पूरा ग्राम का हर सदस्य खुशियों से झूम उठा।

देश भक्ति गीतों से पूरा गांव गूंजने लगा। रंग गुलाल फ़टाके की आवाज ने तो निपानी वासियों होली और दीपावली का –श्य एक साथ दिखा दिया। देश सेवा के लिए ग्राम निपानी के सपूत ने कदम बढ़ाया है वह काबिले तारीफ है, इस दिल टच अवसर को आत्मीयता की फुहार से सींचने निपानी निवासी जनपद पंचायत पाटन सभापति रवि सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत निपानी राजेश ठाकुर, पूर्व युवा मंच अध्यक्ष कलार समाज पाटन मंडल खोमन सिन्हा, कोषाध्यक्ष ग्राम समाज हरीश सिन्हा, कंवल सिन्हा ने युवाओं के साथ मिलकर भव्यता प्रदान किए तब स्वागत में गांव के बच्चे युवा वरिष्ठ सभी उमड़ पड़े।

### हम सबके लिए देश सेवा सर्वोपरि है

जनपद सभापति रवि सिन्हा ने कहा कि हम सबके लिए देश की सेवा सर्वोपरि है लाडला नीलेश ने सेना ज्वाइन कर इसे प्रमाणित किया है। अग्निवीर बोलने सुनने में ही देश सेवा की बात जेहन में आ जाती है। उन्होंने कहा कि भारत गांवों का देश है और गांव से जब अग्निवीर बनकर देश की सेवा युवा जाते है तो गांव गौरांवित हो उठता है जैसे आज हमारा निपानी गौरांवित हो उठा है। सिन्हा ने कहा कि माता पिता संतान को संस्कार अवश्य दे जिससे वे माता पिता और देश की सेवा के लिए तत्पर रहे। **अग्निवीर नीलेश के स्वागत में उमड़ पड़ा निपानी:** स्वागत में दुष्यंत कुमार सिन्हा, पवन सिन्हा, नीलमणि सिन्हा, जयप्रकाश सिन्हा, मनोज सिन्हा, डीकेश सिन्हा, भीषम सिन्हा, टिकेंद्र सिन्हा, सोनिया सिन्हा, रमेश साहू, कालिम खान, खम्मन ठाकुर, महेश साहू, रामनारायण, तखत सिन्हा, ऐश्वर्य ठाकुर कोटवार, गजेंद्र सिंहा, सालिक साहू साथ ही उनके मित्रगण शेष पेज 13 पर

### अग्निवीर लोकेंद्र का ग्राम खुरसुल में स्वागत



**बालोद/निकुम।** विकास खंड गुण्डरदेही के ग्राम ग्राम खुरसुल में पहली बार अग्निवीर प्रशिक्षण लेकर घर लौटने पर लोकेंद्र कुमार साहू पहली बार पहुंचते ही पूरे गांव में खुशी व देशभक्ति की धुन पर ग्रामीण जन झूम उठे। वही जमकर आतिशबाजी से स्वागत हुआ, वही ग्राम सभा वरिष्ठ महावीर साहू सहित युवक के पिता तामलाल साहू व उसकी मां अंजू साहू बाई के आंखों में खुशी झलक उठी पूरा गांव व युवा सहित स्कूली बच्चे व शिक्षको ने भी स्वागत किया। इस अवसर पर उसके पिता ताम लाल साहू ने बहुत गर्व की बात है यहां के युवा शेष पेज 13 पर

## पति-पत्नी के बीच हुई गाली-गलौज और मारपीट

हरिभूमि न्यूज. बालोद

जिले के ओटेबंद में एक मामूली पारिवारिक विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जिसके कारण पति-पत्नी के बीच गाली-गलौज और मारपीट हो गई। इस घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

■ दोनों पक्षों ने थाने में दर्ज कराया अपराध

**पहला मामला पति पर ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट:** ग्राम ओटेबंद, थाना गुण्डरदेही निवासी कमल नारायण साहू ने पुलिस को दी गई अपनी रिपोर्ट में बताया कि 2 दिसंबर की दोपहर करीब 2.30 बजे, जब वह अपनी पत्नी खिलेश्वरी साहू को बोरी लाने मायके कोनारी जाने के विषय में बोल रहे थे, तब उनके ससुर कंवल सिंह साहू, सास ललिता बाई साहू और साला दिलीप कुमार साहू उनके घर आए। कमल नारायण के अनुसार, तीनों ने उन्हें गाली गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ से मारपीट की, और साला दिलीप कुमार साहू ने डंडा से भी मारा। मारपीट से उनके सिर, पीठ, आंख और शरीर में दर्द हो रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शेष पेज 13 पर

# साय के सुशासन में निर्बाध धान खरीदी जारी, किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जिले में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था से अन्नदाता बेहद उत्साहित हैं। शासन की पारदशएँ नीतियों और खरीदी केंद्रों पर बेहतर इंतजामों का ही परिणाम है कि किसान न केवल आसानी से अपनी उपज बेच रहे हैं, बल्कि त्वरित भुगतान पाकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं।



जिले के ग्राम जगतरा के किसान सुरेश कुमार ने बताया कि वे दूसरी बार टोकन लेकर धान विक्रय हेतु खरीदी केंद्र सांकरा क. आए हैं। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में धान बेचने की प्रक्रिया अत्यंत सरल और सुविधाजनक है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। सुरेश कुमार की प्रसन्नता का सबसे बड़ा कारण धान खरीदी की राशि का त्वरित भुगतान है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद, शासन द्वारा तय की गई राशि बहुत ही कम समय में उनके बैंक खाते में अंतरित हो गई है। फसल का दाम तुरंत मिलने से वे अपनी आगामी खेती और घरेलू आवश्यकताओं को आसानी से पूरा कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत की कमाई जब समय पर हाथ में आती है, तो किसान का उत्साह दोगुना हो जाता है। इस बार पैसे मिलने में कोई देरी नहीं हुई, यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत की बात है। किसान सुरेश ने धान खरीदी केंद्र सांकरा (क) में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्र पर छाया, पानी, और बैठने की उचित व्यवस्था के साथ–साथ तौल में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। इन सुविधाओं और किसान–हितैषी निर्णयों के लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन जिस संवेदनशीलता के साथ किसानों की सुध ले रहा है, वह प्रशंसनीय है।

## 436 पंचायतों के सचिवों को 1.41 करोड़ का भुगतान

# मॉडयूल से पंचायत सचिवों को वेतन भुगतान में बालोद प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राज्य में सिंगल नोडल एकांउट (एसएनए) मॉडयूल से ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन भुगतान करने वाला बालोद प्रथम जिला बन गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिले के सभी 436 ग्राम पंचायत के सचिवों को राशि 01 करोड़ 41 लाख 07 हजार 359 रूपये एसएनए मॉडयूल के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान किया गया। मॉडयूल के क्रियान्वयन से ग्राम पंचायत सचिवों को राशि उनके



खातों तत्काल अन्तरण हो गई। राज्य में सर्वप्रथम जिला बालोद के द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों का मानदेय, वेतन भुगतान एसएनए मॉडयूल से समय पर वेतन प्राप्त होने से ग्राम पंचायत सचिव ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि संचालक, पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार पंचायत संचालनालय अंतर्गत संचालित 06 योजनाओं का क्रियान्वयन एसएनए मॉडयूल से किया जाएगा। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव मानदेय वेतन शामिल है। उक्त संबंध में बालोद जिलें के समस्त जनपद पंचायत के तकनीकी टीम द्वारा जनपद स्तर पर कार्यरत समस्त सचिवों का एसएनए पोर्टल में बेसिक जानकारी का इन्द्राज किया गया। इसके साथ ही संबंधित सचिवों के बैंक खाता को मैप करते हुए वैलिडेट किया गया। तत्पश्चात नवम्बर के उपस्थिति को जनपद एडमिन के द्वारा पोर्टल में प्रविष्टि की गई। इसके साथ ही क्रियान्वयन में आ रही तकनीकी समस्याओं का निराकरण जिला एवं राज्य के तकनीकी अधिकारियों द्वारा त्वरित किया गया।


हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# हरियाली बनाए रखने फॉरेस्ट विभाग ने तस्करों पर दर्ज किए 39 अपराध

**धमधा और पाटन डिवीजन में वन विभाग की सतत निगरानी, 4 आरामिल को किया सीलबंद, 1 अवैध आरा मशीन राजसात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



वन संरक्षण को लेकर वन विभाग के सभी अमले द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है। धमधा और पाटन डिवीजन में वन संरक्षण प्रणाली मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में सघन निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगा रही है। सभी आरा मशीनों और बीट क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक द्वारा निर्धारित रोस्टर अनुसार आरामिलों का प्रति माह उप वन मंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी और सहायक परिक्षेत्र अधिकारी आरामिलों का निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और नियंत्रण व्यवस्था बेहतर हुई है।

वन विभाग द्वारा किए गए सक्रिय प्रयासों का परिणाम यह रहा कि जनवरी 2025 से अब तक 39 वन अपराध प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिसमें लगभग 4 लाख रुपये का मुआवजा वसूला गया है। इसके साथ ही अनुमानित 1028 नग (67.548 घन मीटर) व 15 जलाऊ चट्टा काष्ठ शासन के हित में जमा कराया गया है। विभाग ने 04 आरामिलों को सीलबंद किया है, जिनमें से 01 अवैध आरा मशीन को राजसात भी किया गया है। वन विभाग क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। अवैध परिवहन के तहत अपराध पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर संबंधित अभियुक्त से मुआवजा की राशि वसूल कर प्रतिबंधित काष्ठों की जप्ती की जाती है एवं छूट प्रजाति के काष्ठों को निर्मुक्त किया जाता है। वन संरक्षण के लिए वन विभाग के सभी अमले मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा को बढ़ावा मिल रहा है।

■ हरे-भरे पेड़ों को काटने वाले लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

## धमधा ब्लॉक में सामु. भवन, तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 48 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 48.28 लाख रुपए की अनुशंसा की गई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड धमधा के ग्राम अरसी के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, ग्राम हिर्री के विश्वकर्मा चौक में सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60 लाख, बड़े पुरदा के माखन लाल साहू के घर पास रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख, रूहा पेन्ड्री के जितेन्द्र घर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 3 लाख रुपए शामिल है।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास की लॉटरी 12 को निगम सभागार में



**भिलाई।** शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी संचालित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मकानहीन परिवारों से मकान हेतु आवेदन जमा कराया गया है। आवासों का सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान 75 हजार निगम कोष में नियमानुसार जमा कराया जा रहा है। निगम सभागार कक्ष में 12 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। लाटरी में वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवास तथा अन्य आवेदकों को आवास आबंटित किया जाना है। हितग्राही आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर लाटरी में शामिल हो सकते है।

### पटेल चौक से जवाहर चौक तक 20 लाख से सड़क का डामरीकरण

**दुर्ग।** वार्ड-30 में पटेल चौक पेट्रोल पंप से तहसील ऑफिस होते हुए जवाहर चौक तक 20.35 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा हमारा लक्ष्य दुर्ग शहर की सभी प्रमुख सड़कों को मजबूत, सुरक्षित और सुगम बनाना है। पटेल चौक से तहसील ऑफिस मार्ग अत्यंत व्यस्त रूट है। यहां डामरीकरण से लोगों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम होंगी। निगम की प्राथमिकता है कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समय पर पूरे हों। हम हर वार्ड में संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर सभापति श्याम शर्मा मौजूद थे।

### चाइनीज मांझा जब्त, दो दुकानदारों पर कार्रवाई



**दुर्ग।** शहर में चाइनीज मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम एक बार फिर सख्त रुख अपनाने जा रहा हैं। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मांझा रोकथाम के लिए एक संयुक्त टीम का गठन किया है, जो पूरे शहर में अभियान चलाकर दुकानों एवं गोदामों में छापामार कार्रवाई करेगी। टीम ने फरिश्ता कम्प्लेक्स के पास सन्नी पतंग और सोलंकी पतंग दुकान पहुचकर दुकानों में मांझा की जांच की। इस दौरान प्रतिबंधित मांझा जब्त किया गया। शहर क्षेत्र अंतर्गत निरन्तर निगम के बाजार विभाग और अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम अब शहर में घूम-घूमकर चाइनीज़ मांझा की खरीद-फरोख्त, परिवहन, भंडारण और उपयोग पर निगरानी रखेगी तथा नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई शुरू की गई है।

## वार्ड-9 राजीवनगर

- नालियों में अतिक्रमण की वजह से संक्रमण का खतरा
- हड्डी गोदाम के पीछे 250 फीट नाली निर्माण की मांग
- अवैध नल कनेक्शन से की जा रही पानी की सप्लाई

# गौतम नगर में शौचालय नहीं, दो साल पहले जर्जर बताकर तोड़ा, नया अब तक नहीं बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 9 राजीवनगर सुपेला में सड़कों की खराब स्थिति, अवैध कब्जे, नालियों की गड़बड़ी, शौचालय और सामुदायिक भवन की कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आई हैं।

राजीव नगर सुपेला वार्ड 9 में बुनियादी परेशानियां सालों से जस की तस पड़ी हैं। गौतम नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं है। लोग रोजमर्रा की जरूरत के लिए भी इधर उधर भटक रहे हैं। सामुदायिक भवन भी नहीं है। छोटे आयोजनों के लिए मोहल्ले के लोग दूसरे इलाकों पर निर्भर हैं। कई जगह सड़कें बुरी तरह उखड़ी पड़ी हैं। क्रिश्चियन पब्लिक स्कूल के पीछे महाराज गली की सड़क की हालत सबसे खराब है। यही सड़क आगे निजामी चौक जाती है। नालियों का डिजाइन भी बिगड़ा हुआ है। पानी आगे नहीं बढ़ पाता और बरसात में वही पानी सड़क पर बहता है। वार्ड की सबसे बड़ी समस्या नालियों पर किए गए अवैध कब्जे हैं। कब्जे की वजह से नालियों की सफाई सालों से अटकी हुई है। कई लोगों ने दुकान और घर के सामने अवैध निर्माण कर सड़क को और संकीर्ण कर दिया है। हड्डी गोदाम के पीछे नाली निर्माण बेहद जरूरी है। नाली न होने से गंदा पानी सीधे सड़क पर फैल जाता है और बरसात में हालात और खराब हो जाते हैं। वार्ड में कई जगह अवैध नल कनेक्शन भी मिले। प्लास्टिक पाइप डालकर चोरी छिपे पानी की सप्लाई ली जा रही है।

**नालियों पर भी लोगों ने कर रखे हैं अवैध निर्माण, सड़कें हुईं छोटी**



**वार्डवासियों ने कहा- मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं**

### 35 साल पुराना शौचालय टूटा लेकिन नया अब तक नहीं बना



गौतम नगर के लोग पिछले दो साल से एक बुनियादी जरूरत का इंतजार कर रहे हैं। यहां 35 साल पुराना सार्वजनिक सुलभ शौचालय जर्जर हालत के कारण तोड़ दिया गया था। उसके बाद से नया शौचालय अब तक नहीं बनाया गया। गौतम नगर निवासी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शौचालय टूटने के बाद कई बार जनप्रतिनिधियों को मांग रखी गई। आश्वासन मिलते रहे, लेकिन निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसके कारण इलाके के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी घनी है और वैकल्पिक व्यवस्था न होने से हालात मुश्किल बनते जा रहे हैं।

### सड़कों की हालत बेहद खराब



राजू शर्मा ने बताया कि घर के सामने की सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में है। सड़क इतनी खराब है कि आए दिन लोग फिसलकर चोट खा रहे हैं। मोहल्ले में बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। घर के पास नाली का निर्माण तो हुआ, लेकिन काम सही तरीके से नहीं किया गया। ढलान गलत है, पानी आगे नहीं जा पाता और नाली हमेशा गंदे पानी से भरी रहती है। इससे आसपास बदबू, गंदगी और मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है।

### नली में पानी जाम और बदबू से परेशान



नकुल वर्मा ने बताया कि हड्डी गोदाम के पीछे की हालत हर दिन लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। यहां करीब 250 फीट पक्की नाली की जरूरत है। अभी कच्ची नाली है, जो सही तरह से काम ही नहीं करती। पानी हमेशा जाम रहता है और वही गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। सड़क पर पानी भर जाता है और रास्ता चलने लायक नहीं रहता। सफाई कर्मचारी भी इस कच्ची नाली को साफ करने में मुश्किलों का सामना करते हैं।

### सामुदायिक भवन की मांग



वार्ड 9 की बिंदा टंडन, नेहा साहू और कला साहू का कहना है कि उनके इलाके में एक बड़ी जरूरत अभी तक पूरी नहीं हुई है। वार्ड में सामुदायिक भवन नहीं है, जिसकी वजह से छोटे आयोजनों के लिए जगह तलाशना पड़ता है। इनका कहना है कि शहर के ज्यादातर वार्डों में सामुदायिक भवन मौजूद हैं और वहां लोग सामाजिक कार्यक्रम आसानी से करते हैं, लेकिन उनके वार्ड में ऐसी कोई सुविधा नहीं है। शादी की छोटी रस्में हों, जन्मदिन हो या सामाजिक बैठक, हर बार लोगों को दूसरे इलाकों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि वार्ड में एक सामुदायिक भवन जरूरी है, ताकि लोग अपनी जरूरत के कार्यक्रम बिना परेशानी आयोजित कर सकें। उनकी मांग है कि इसे जल्द प्राथमिकता देकर पूरा किया जाए।

### प्रस्ताव भेजा

नाली निर्माण के लिए 9.94 लाख रुपए और सड़क संधारण के लिए 16.44 लाख रुपए का प्रस्ताव पारित हुआ है। जर्जर सड़कों से लोगों को जल्द मुक्ति मिलेगी। सार्वजनिक सुलभ शौचालय के लिए प्रस्ताव भेजा गया है जो दो साल से लंबित है।। क्षेत्र के कई जगह पर नालियों के ऊपर अवैध कब्जा किया गया है। शीघ्र की इन अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध नल कनेक्शन पर नगर निगम प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। पार्षद निधि से 11 स्टील के बेंच का निर्माण कराया जा रहा है। इसे अलग-अलग स्थानों पर लगाया जाएगा।

**-रानू साहू,** पार्षद वार्ड 7 राजीव नगर सुपेला

# एनएचएम के कर्मियों ने की मिशन डायरेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नए स्वास्थ्य संचालक संजीव झा से सौजन्य मुलाकात की। पदाधिकारियों ने राज्य के नए स्वास्थ्य संचालक सह मिशन संचालक को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने संघ की विभिन्न लंबित मांगों एवं संगठन से संबंधित मुद्दों पर भी सौहार्दपूर्ण चर्चा की। इसी क्रम में संघ पदाधिकारियों ने बताया कि गत दिवस स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एक कार्यक्रम में यह आश्वासन दिया था कि हड़ताल अवधि में बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की जल्द बहाली की जाएगी, लेकिन अब तक बहाली नहीं हो पाई है। इस दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, कौसलेश तिवारी, पुरन दास, दिनेश चंद्र खर्कवाल, संतोष कुमार चंदेल, डॉ. आलोक शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

बता दें कि पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने से एनएचएम के 16 हजार से अधिक कर्मियों में निराशा है। सामाजिक-आर्थिक संकट में धकेल दिया है,परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, किराया/बैंक किस्त भुगतान तथा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना अत्यंत कठिन हो गया है, जिससे कर्मचारियों में मानसिक तनाव और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। वहीं बर्खास्त कर्मियों की अब तक बहाली नहीं हो पाई है। इसे देखते हुए एनएचएम कर्मी एक बार फिर हड़ताल पर बैठने की तैयारी में है। हालांकि इस पर अंतिम मुहर नहीं लग पाई है। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि हम लगातार समस्याओं से शासन को अवगत करा रहे हैं। जल्दी समाधान नही निकलने पर ये फिर से हड़ताल करने मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

■ पिछले दिनों ही संभाला है पदभार, एनएचएम कर्मी फिर आंदोलन की तैयारी में

## रेलवे स्टेशन में बोर्ड बदलने तैयारी शुरू



तैयार बोर्ड पर ढक दिया कपड़ा।

**भिलाई।** भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में इस्पात नगरी भिलाई के इतिहास को गलत चित्रित करते हुए रेलवे का लगाया बोर्ड अब बदलेगा। रेलवे ने नए सिरे से तथ्यों को लिखकर वहां बोर्ड लगाने की तैयारी कर ली है। जिसमें बुधवार को पुराना बोर्ड वहां से हटा लिया गया है और बोर्ड की जगह पर परदा डाल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। जल्द ही इसका लोकार्पण होना है लेकिन इसके पहले रेलवे प्रशासन ने यहां इस स्टेशन के इतिहास से जुड़ी जानकारी देने हड़बड़ी में एक बोर्ड लगाया था। जिसमें न तो इस स्टेशन के सुपेला से भिलाई नगर नामकरण किए जाने की जानकारी थी न ही यहां उतर चुकी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसी हस्तियों का कोई उल्लेख था। हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और इसके बाद स्थानीय विधायक देवेंद्र यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर आपत्ति करते हुए रेलवे मंत्रालय व रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा। अंततः हफ्ते भर बाद रेलवे ने यह सही जानकारी का उल्लेख करत हुए बोर्ड लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

# खरीफ और रबी फसल के लिए अल्पकालीन लोन तय करने बैठक, तय की गई दरें




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सभागार में दुर्ग, बेमेतरा, बालोद के कृषकों की वर्ष 2026-27 के लिए फसल उत्पादन अल्पकालीन फसल लोन निर्धारण को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रकार के फसल उत्पादन हेतु कृषि विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ एवं उन्नतशील कृषकों द्वारा विचार मंथन किया गया। फसल उत्पादन हेतु प्रति हेक्टेयर होने वाली व्यय के संबंध में कृषि विभाग व उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी अनुसार खरीफ व रबी फसलों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए ऋणमान का निर्धारण किया गया। इसे राज्य स्तरीय तकनीकी समूह को प्रेषित किया जायेगा।

बैठक में प्रति हेक्टेयर धान सिंचित के लिए 65 हजार, असिंचित 48 हजार, सोयाबीन 53,900, चना 46,200, गेंहू 50 हजार, गन्ना 1.20 लाख, अरहर 45100, जिमीकंद 1.60 लाख, मत्स्य पालन 1.87 लाख, गौपालन 40800 प्रति गाय, भैंसपालन 47300 प्रति भैंस, भेड़पालन 48400 प्रति भेड़, मक्का 60 हजार, कपास 60 हजार, ग्रीष्मकालीन धान 48 हजार, सूरजमुखी 28600 रुपए प्रस्तावित किया गया। टमाटर, मशरूम, शिमला मिर्च आदि खरीफ व रबी फसलों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए ऋणमान का निर्धारण कर प्रस्तावित किया गया। बैठक में संदीप भोई उप संचालक कृषि, संतोष पाटले उप आयुक्त सहकारिता, हदेश शर्मा सीईओ, कुसुम ठाकुर पर्यवेक्षक, प्रीतपाल बेलचंदन पूर्व अध्यक्ष, पूर्व संचालक शिव कुमार चन्द्राकर, एसके जोशी पशुधन, नारायण सिंह उद्यानिकी, डॉ. भारतेष शर्मा, डीडी झा, सुमंत चंद्रवंशी, दीपक चन्द्राकर, प्रेमलाल नायक, पुरेन्द्र चन्द्राकर, पवन जैन, भगवान सिंह चन्द्राकर, योगेन्द्र दिल्लीवार सहित अन्य मौजूद थे।

■ कलेक्टर की अध्यक्षता में बैंक सभागार में हुई बैठक

## आईआईटी ने औद्योगिक सल्फर वेस्ट से तैयार किया साफ पानी

**दुर्ग।** आईआईटी भिलाई के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी पॉलिमर तकनीक विकसित की है, जो औद्योगिक सल्फर कचरे का उपयोग जल प्रदूषण से निपटने में करती है। शोध टीम भनेन्द्र साहू, सुदीप्त पाल, प्रियंक सिन्हा और डॉ. संजीब बनर्जी ने एक धातु-रहित, पर्यावरण-अनुकूल पॉलिमराइजेशन प्रक्रिया विकसित की है, जो कम मूल्य वाले सल्फर वेस्ट को सल्फर-डॉट्स (एस-डॉट्स) में परिवर्तित करती है। ये एस-डॉट्स उन्नत स्मार्ट पॉलिमरों के निर्माण में हरित फोटोकैटलिस्ट के रूप में कार्य करते हैं।

यह कार्य अनुप्रयुक्त रसायन अंतर्राष्ट्रीय संस्करण में प्रकाशित हुआ है। यह नवाचार दो प्रमुख सामाजिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करता है। औद्योगिक सल्फर वेस्ट का प्रबंधन और प्रदूषित जल से हानिकारक हाइड्रोफोबिक प्रदूषकों को हटाना।

पेट्रोलियम रिफाइनिंग, कोयला प्रसंस्करण और रासायनिक उद्योगों से निकलने वाला सल्फर वेस्ट अकसर निपटान और पर्यावरण संबंधी समस्याएं पैदा करता है। इस वेस्ट को उच्च-मूल्य वाले एस-डॉट्स में बदलकर आईआईटी भिलाई की टीम ऐसे मल्टी-आर्म स्टार पॉलिमर्स का निर्माण करने में सक्षम हुई है, जिनमें जल शुद्धिकरण की उत्कृष्ट क्षमता है। यह तकनीक जल जीवन मिशन, पर्यावरण पुनर्स्थापन कार्यक्रमों और सतत औद्योगिक प्रथाओं जैसे राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप है।

# सेवा सुशासन के दो साल बेमिसाल, मंत्री गजेन्द्र यादव ने सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग की जनता को शुभकामनायें दी है। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। दुर्ग को विकसित बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है।

खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित नगर विकास को लेकर दो साल में करोड़ों की राशि शासन से स्वीकृति मिली है, जो दुर्ग की जनता का भाजपा पर विश्वास का परिणाम है। गजेन्द्र यादव ने दुर्ग शहर के जनता के मांग और जनता के सुविधाओ को बढ़ावा देने लगातार कार्यरत है। खेल की दिशा में बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण तथा स्विमिंग पुल और उरला स्टेडियम निर्माण अंतिम चरण पर है, 20 से अधिक स्थान पर डोम शेड, शासकीय स्कूलो में संधारण, किसान भवन, शादी ब्याह जैसे बड़े आयोजन के लिए कई वार्ड में करोड़ों की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण जारी है, आवागमन को बेहतर बनाने दुर्ग निगम क्षेत्र के लगभग सभी वार्ड सीमेंटीकरण सड़क। दुर्ग वासियों को रात्रि में सुरक्षित आवागमन हेतु बिजली पोल में लाइट्स लगाने विधायक निधि से 80 लाख की स्वीकृति। नये बसाहट वाले कॉलोनी में 1100 से अधिक बिजली पोल सह लाइन का विस्तार किया गया। आईटी के क्षेत्र में दुर्ग एक नए युग की शुरुआत करने आईआईटी भिलाई एवं छत्तीसगढ़ सरकार के मध्य आईटी पार्क स्थापना हेतु एमओयू किया गया। सड़कों का चौड़ीकरण करने शासन से करोड़ों की राशि स्वीकृति मिल चुकी है।

■ विकास कार्यों के लिए शासन से मांगा फंड

**दुर्ग जिला जल संरक्षण में अग्रणी, सोक पिट निर्माण ने बढ़ाया भू जल स्तर**

# मोर गांव मोर पानी अभियान 8 से, लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिले में 8 दिसंबर से मोर गांव मोर पानी अभियान की शुरुआत होने जा रही है। जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए 8 दिसंबर को बड़े पैमाने पर गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में रिकॉर्ड स्तर पर सोक पिट निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 4312 आवासों में सोक पिट बनाए जा रहे हैं। इनमें जनपद धमधा 2115, जनपद दुर्ग, 942,जनपद पाटन 1255 सोक पिट निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा ग्रामीण स्कूल परिसरों में 1105 तथा स्व-सहायता समूहों अपने घरों में व कार्यालय एवं परिसरों में 7000 सोक पिट का निर्माण किया जा रहा है। ये संरचनाएं वर्षा जल को धरातल में समाहित कर भू-जल स्तर बढ़ाने में कारगर सिद्ध हो रही हैं।

### जल संरक्षण से बढ़ाया जा सकता है भूजल स्तर

अभियान के तहत वर्षा जल संचयन तकनीकों के उपयोग से जल संरक्षण दिशा में कदम है। ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्वित प्रयासों से जल संरक्षण को नई दिशा मिल रही है। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि जिले की सभी जनपद पंचायतों में सोक पिट निर्माण तेजी के साथ किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जिले में जल सुरक्षा एवं संसाधन प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान जिल दुर्ग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि तथा जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है।

**खबर संक्षेप**

### गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल मंदिर ट्रस्ट की बैठक 7 को

**लाटाबोड़।** मंदिर ट्रस्ट न्यास श्री गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष नितीश मोंटी यादव ने सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया है कि यह बैठक 7 दिसंबर, रविवार को दोपहर 2 बजे रखी गई है। अध्यक्ष यादव ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रम मेला पर्व 2026 की तैयारियों के संबंध में चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही, अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी अध्यक्ष और सदस्यों के विचार विमर्श के अनुसार निर्णय लिए जाएंगे। सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति इस बैठक में अनिवार्य बताई गई है।

### ग्राम बोरी में सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह 22 से

**लाटाबोड़।** ग्राम बोरी (लाटाबोड़) में सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन तीन दिवसीय 22, 23, 24 दिसम्बर क्रो रखा गया है। आयोजक राजूराम साहू ने बताया कार्यक्रम 10 बजे से दोपहर 1:00 बजे वही 1 बजे भोजन अवकाश होगा उसके बाद कार्यक्रम दोपहर 02:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपन्न होगा।

### अरजपुरी भुमियार मड़ई कल

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम अरजपुरी में 7 दिसंबर को देव मड़ई मेले का आयोजन रखा गया है। रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी खल्लारी बालोद का कार्यक्रम होगा। आयोजनकर्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक स्थगित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक 6 दिसंबर को होने वाली थी, विशेष कारणों से अगली तारीख में संपन्न होगी। समय एवं तिथि की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से दी जावेगी।

### ओपन स्कूल परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक

**डौंडीलोहारा।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपन स्कूल केंद्र क्रमांक 1904 में मार्च-अप्रैल 2026 के लिए आयोजित होने वाली मुख्य, अवसर, क्रेडिट, आर टी डी परीक्षा का परीक्षा फॉर्म भरना प्रारंभ हो गया है। संस्था प्रभारी व्ही के भंडारी ने बताया कि मुख्य , अवसर, क्रेडिट, आर टी डी परीक्षा मार्च - अप्रैल 2026 के लिए सामान्य शुल्क के साथ फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 15 जनवरी है तथा विलम्ब शुल्क के साथ 25 जनवरी तक परीक्षा आवेदन फॉर्म अध्ययन केंद्र आकर भर सकते हैं।परीक्षा आवेदन फॉर्म को ऑनलाइन कराने के पूर्व अध्ययन केंद्र में अवश्य संपर्क करें।

### बाइक में फर्जी नंबर युवक पकड़ाया

**भिलाई।** बाइक में फर्जी नंबर को बाइक में लगाकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि 3 दिसंबर की रात डीपीएस चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पॉइंट ड्यूटी चेकिंग के दौरान रोककर जांच की। बाइक में सीजी 07 एलए 4822 को जब चेक किया गया, तो चेसिस नंबर और पंजीयन नंबर एक सामान नहीं मिले।

**आयोजन : खेरथा में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का तृतीय दिवस**

# रासेयो शिविर स्वच्छता, पौधारोपण और बौद्धिक परिचर्चा पर रहा केंद्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




शासकीय महाविद्यालय खेरथा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम नाहंदा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस की गतिविधियां उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुईं। कार्यक्रम अधिकारी रूमलाल के निर्देशन में सुबह का सत्र योग, पीटी एवं परेड अभ्यास से आरंभ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा संबंधी संदेशों का प्रसार किया। दोपहर में परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने गलियों, सार्वजनिक स्थलों और जल स्रोतों की सफाई की। कुओं एवं हैंडपंपों के आसपास जमा गंदगी हटाकर ग्रामीणों को स्वच्छ पानी और स्वच्छ वातावरण के महत्व से अवगत कराया। शिविर के तहत विद्यालय परिसर व सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया गया। स्वयंसेवकों ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। शाम के समय आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में विशेष अतिथि तहसीलदार प्रीतम साहू एवं नायब तहसीलदार घनेंद्र कश्यप ने युवाओं को मार्गदर्शन दिया। तहसीलदार प्रीतम साहू ने स्वयंसेवकों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारण और समय के सदुपयोग से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग पर भी बल दिया। नायब तहसीलदार घनेंद्र कश्यप ने युवाओं को समाज सेवा के साथ व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। दिन का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। कार्यक्रम अधिकारी रूमलाल ने अतिथियों, ग्रामवासियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए शिविर को सफल बनाने में मिले सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



## स्वस्थ्य मृदा और जैविक खेती की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कृषि विज्ञान केंद्र बालोद में 05 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस पर 'स्वस्थ्य मृदा–स्वस्थ शहर' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के आर साहू ने ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा स्वास्थ को बनाए रखना एवं रासायनिक खाद एवं दवाओं का उपयोग करना है। इसके साथ ही मृदा स्वास्थय एवं जैविक खेती के बारे में किसानों को जानकारी प्रदान की गई। मृदा वैज्ञानिक एआर. गौर ने मृदा परीक्षण, रासायनिक उर्वरकों का सावधानीपूर्वक एवं आवश्यकता अनुसार उपयोग करने की सलाह दी गइ। इसके अलावा नकली रासायनिक खादों की पहचान हेतु विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डॉ. बलदेव अग्रवाल ने प्रा—तिक तरीके से सब्जियों की खेती, श्री सचिन वर्मा ने मृदा के प्रकार के आधार पर फसलों का चुनाव एवं उसके रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई। इंजीनियर गीतेश सिन्हा द्वारा मृदा सुधार के लिए कृषि यंत्रें का उपयोग, डॉ भिमेश्वरी साहू ने फसलों के बीमारीयों का जैविक तरीके से नियंत्रण की जानकारी दी गई। डॉ नीतू सोनकर ने मृदा स्वास्थ को बेहतर बनाये रखने के लिए पशुधन के महत्व कि जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के केके लहरे, विनोद पैकरा, थानेश्वर साहू, मोरध्वज सिन्हा तथा बड़ी संख्या में कृषकगण शामिल हुए।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का पंजीयन अब 11 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन बालोद एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इच्छुक प्रतिभागियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 02 दिसंबर में वृद्धि करते हुए अब 11 दिसंबर 2025 तक पंजीयन की तिथि निर्धारित की गई है।

अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी, दल पंजीयन फार्म, फोटोग्राफ्स एवं आवश्यक दस्तावेज सहित कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बुनियादी शाला मैदान परिसर में उपस्थित होकर 11 दिसंबर 2025 को शाम 05 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही प्रतिभागी अपना पंजीयन माय भारत पोर्टल में भी करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 का आयोजन 15 दिसंबर को जिला मुख्यालय स्थित सी मार्ट कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद परिसर में आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 में शामिल प्रतिभागियों की आयुवर्ग 15 से 29 वर्ष एवं संगीतकार की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 में लोक नृत्य विधा, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद–विवाद, कहानी लेखक, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पांरपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधा शामिल है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बुनियादी शाला मैदान परिसर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

## रविदास समाज को मजबूत बनाने ग्रामों का करेंगे चिन्हांकन

**समाज की बैठक में जिला स्तर के पदाधिकारियों ने लिया निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संत शिरोमणि रविदास अहिरवार समाज जिला बालोद के तत्वावधान में 2 दिसंबर को संत शिरोमणि रविदास मंदिर दल्लीराजहरा में जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समाज में नवीन विचारधारा का समावेश कर समाज को नई दिशा प्रदान करना तथा आगामी वर्षों के लिए कार्ययोजना तैयार करना रहा।

बैठक में जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। समाज के विस्तार और संगठन मजबूती के लिए ऐसे ग्रामों का चिन्हांकन करने का निर्णय लिया गया, जो अब तक जिला संगठन से नहीं जुड़े थे। इन्हें ब्लॉक इकाई में समायोजित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठकों में अनुशासन बनाए रखने हेतु यह निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में उपस्थित होता है और कार्यवाही में बाधा डालता है, तो उसके विरुद्ध सामाजिक दंड का प्रावधान लागू किया जाएगा। सामाजिक संगठन में युवा शक्ति के योगदान को बढ़ाने के लिए प्रत्येक ग्राम में नवयुवक संघ के पदाधिकारी तथा ग्राम प्रमुख की नियुक्ति करने पर सहमति बनी, जो समाज के संदेशों को संप्रेषित करने और समस्याओं को ब्लॉक व जिला स्तर पर रखने का दायित्व निभाएंगे। जिला संचालन हेतु ब्लॉक स्तर से आर्थिक सहयोग प्रदान करने का भी संकल्प लिया गया। समाज में विधवा महिलाओं को सम्मानित कर उन्हें सुख-दुख में सहयोगी बनाने और सामाजिक रूढ़ियों को त्यागकर नई विचारधारा अपनाने का सामूहिक निर्णय लिया गया। सामाजिक मुख्यधारा से अलग हुए परिवारों से संवाद कर उन्हें पुनः समाज से जोड़ने की दिशा में कार्य करने पर सहमति बनी। सामाजिक दायित्वों की अवहेलना करने वालों को नियमावली के अंतर्गत सूचित करते हुए अनुशासन कायम रखने का निर्णय लिया गया।बैठकों के लिए भवन के अभाव को देखते हुए समाज ने छत्तीसगढ़ शासन से मांगलिक भवन एवं संत रविदास मंदिर निर्माण हेतु ज्ञापन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव पारित किया। शिक्षित समाजजनों से विचार-विमर्श कर उन्हें संगठन से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।जिला स्तर पर सामाजिक जनगणना पूर्ण कर ली गई है। आंकड़ों के आधार पर समाज की पहचान मजबूत करने हेतु एक व्यापक योजना तैयार करने पर चर्चा हुई। बैठक में डीएसपी सुश्री लता चोरे द्वारा सामाजिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

उपस्थित पदाधिकारी जिला अध्यक्ष कल्याण भांडेकर, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम मालेकर, सुरेश बरखे, संरक्षक जयलाल मालेकर, सचिव लेखराज मालेकर, उप सचिव अर्जुन चौरे, अंकेक्षक गोपानंद खरे, मीडिया प्रभारी प्रदीप मालेकर, प्रचार प्रसार सहायक कुमार चंद चौर, कोषाध्यक्ष दौलत राम बिझेकर, जिला मुख्य सलाहकार सिकंदर विरदानी, नेतराम भांडेकर, तिलकराम मालेकर तथा विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी रमेश मालेकर, जिधन जगनायक, शुक्ल राम टांडेकर, मनोज बिझेकर, छेदीराम मालेकर, झिरकूराम मालेकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं समाज के सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सांसद खेल महोत्सव आज से, सांसद नाग होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 06 दिसंबर को जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के मिनी स्टेडियम कचांदुर में मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग करेंगे। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल एवं रस्साकस्सी कुल 04 खेलों का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव 2025 का उद्देश्य इंडिया मूवमेंट अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने एवं प्रतिभागियों को मंच प्रदान कर उन्हें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करना है। आज कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के तैयारियों का जायजा लेने जिले के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारी–कर्मचारियों ने स्थल का मुआयना किया तथा संबंधितों को तैयारीपूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख, युवराज मारकंडे, अजीतेश दत्ता राय सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## अखिल भारतीय क्रिकेट स्पर्धा की तैयारी तेज

**नगर में 15 से 21 दिसंबर तक होगी स्व. अटल बिहारी वाजपेयी श्रीराम ट्रॉफी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के यंग स्पोर्ट्स संस्था द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी श्रीराम ट्रॉफी की तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। यह भव्य प्रतियोगिता 15 से 21 दिसंबर तक लाल रघुवीर सिंह मिनी स्टेडियम लोहारा में संपन्न होगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्था के पदाधिकारी मैदान तैयारियों पर लगातार निगरानी रख रहे हैं।

संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र टेकाम ने अपनी टीम के साथ खेल मैदान का निरीक्षण किया और निर्धारित समय पर मैदान को पूरी तरह तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान संस्था अध्यक्ष मोहन निषाद, सचिव उत्तम मालेकर, उपाध्यक्ष जसराज शर्मा, सह सचिव दिलीप बाफना, धीरेंद्र टॉक, प्रणव साहू, सुमित शर्मा, सौरभ शर्मा, दीपक थवानी, प्रणय जैन, जीवराखन कोमार्य, अजय बाफना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पिच निर्माण की जिम्मेदारी सौरव शर्मा और लोकेन्द्र ठाकुर को सौंपी गई है, जबकि पूरे मैदान की देखरेख इतवारी बंसौर द्वारा की जा रही है।

### देशभर की नामी टीमें देंगी चुनौती

प्रतियोगिता में मुंबई, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, खड़गपुर तथा छत्तीसगढ़ की टीमों ने भाग लेने की स्वीकृति भेज दी है। अखिल भारतीय स्तर की इस प्रतियोगिता को लेकर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है।

### आकर्षक पुरस्कार रहेंगे विशेष आकर्षण

विजेता टीम को 1,01,000 तथा उपविजेता टीम को 61 हजार का पुरस्कार आयोजन समिति द्वारा दिया जाएगा। साथ ही बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट फील्डर, मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज सहित अन्य आकर्षक ट्रॉफियां भी दी जाएगी। इस प्रतिष्ठित आयोजन से नगर खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है और खेलप्रेमियों में रोमांच चरम पर है।

## समाज सेवा में सहयोग करें युवा





**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम महाविद्यालय गुरूर द्वारा ग्राम धनेली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

विधायक संगीता सिन्हा ने शिविर के सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र जीवन में युवाओं को राष्ट्र प्रेम और समाज सेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने सात दिनों के दौरान गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। बौद्धिक परिचर्चा के माध्यम से विषय विशेषज्ञों से ज्ञान प्राप्त किया।

■ रासेयो शिविर के समापन में शामिल हुईं विधायक संगीता सिन्हा

विधायक ने जोर देकर कहा कि इस शिविर में रहकर जो कुछ भी सीखा है, उसे अपने आने वाले जीवन में उतारकर अपने जीवन को सफल बनाएं, तभी इस शिविर का आयोजन सफल माना जाएगा। उन्होंने सात दिवसीय शिविर को सफल बनाने के लिए संस्था के प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी और सभी स्वयंसेवकों को बधाई दीं।

इस अवसर पर पूर्व सभापति जनपद पंचायत राजश्री क्षत्रिय, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, सरपंच बालमुकुंद निषाद, झरिया साहू समाज अध्यक्ष चिमन साहू, बूथ अध्यक्ष, महाविद्यालय के प्रोफेसरगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## दीक्षा ऐप से छात्रों ने सीखा पढ़ाई का तरीका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को दीक्षा ऐप का उपयोग करते हुए अध्ययन की प्रक्रिया सिखाई गई। यह ऐप राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विकसित एक राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की अध्ययन सामग्री उपलब्ध होती है।

प्राचार्य आरके देवांगन की अनुमति से विद्यालय की व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और अजय पाठक ने विद्यार्थियों को दीक्षा ऐप डाउनलोड करने एवं किताबों में दिए गए क्यूं आर कोड स्कैन कर प्रश्न-उत्तर हल करने की विधि समझाई। विद्यार्थियों को मोबाइल में ही लॉग इन करके विषयवार सामग्री खोजने, क्यू आर स्कैन करने तथा उत्तरों का स्वमूल्यांकन करने का तरीका भी सिखाया गया।

हेपशीबा एंथोनी ने छात्रों को बताया कि ऐप में उत्तर देने के बाद तुरंत पता चल जाता है कि दिया गया उत्तर सही है या नहीं, जिससे पढ़ाई आसान हो जाती है। यह ऐप ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों स्थितियों में उपयोग किया जा सकता है।

व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि दीक्षा ऐप राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह विद्यार्थियों को स्कूल समय के बाद भी अध्ययन में आने वाली शंकाओं को दूर करने में मदद करता है और शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक क्रांति साबित हो रहा है।

### पति-पत्नी के बीच ...

दूसरा मामला पत्नी से मारपीट पर जीजा के खिलाफ रिपोर्टः दूसरी ओर ग्राम कोनारी, जिला दुर्ग निवासी दिलीप साहू ने अपनी बहन खिलेश्वरी साहू की ओर से पुलिस को शिकायत दी। दिलीप ने बताया कि 2 दिसंबर को वह अपने माता-पिता के साथ बहन के घर ओटेबंद आए थे। दोपहर करीब 2.30 बजे उनके जीजा कमल नारायण साहू ने बहन को धान का खाली बोरा पहुंचाने के लिए कहा। जब बहन ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए मना किया, तो इसी बात पर जीजा कमल नारायण साहू ने बहन को गाली गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ और बाल खींचकर मारपीट की। इस मारपीट से खिलेश्वरी साहू के सिर और बाएं गाल भाग में चोट आई है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने युवक (पति) कमल नारायण साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**पेज 11 के शेष**

### अग्निवीर लोकेंद्र ...

देश सेवा में जाकर गांव का नाम रोशन किये। वही इस अवसर पर अग्निवीर लोकेंद्र साहू का साल पुष्प गुच्छ से व घर घर मुहल्ले में दीपक से आरती उतारकर स्वागत किया, जिसमें हेमंत साहू, कुलेश्वर साहू, गोविंद साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

### अग्निवीर नीलेश ...

रामेश्वर बंजारे, डाकेश्वर ठाकुर, नितेश यादव, मोहित सारथी, गुलशन सोनकर, गुलशन यादव, दानेश्वर नेताम, चूरामन यादव, मुकेश यादव व उनके दादा दादी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत निपानी कमला सिन्हा, कंवल सिन्हा व उनके चाचा पूर्व पाटन मंडल कलार समाज कोषाध्यक्ष डॉ रेखराम सिन्हा अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### विपरीत दिशा से आ रही ...

सूचित किया कि उनके भाई आशिफ खान का एचडीएफसी बैंक राजहरा के पास मोटरसाइकिल से एक्सीडेंट हो गया है। घायल आशिफ को इलाज के लिए राजहरा अस्पताल लाया गया था, जहाँ उन्हें सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें लगी थीं। आशिफ खान ने पूछताछ में बताया कि वह रात करीब 10.30 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 एस 8009 से ज्ञानू पेट्रोल पंप से गुप्ता चौक की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 एस 7627 के चालक दिलबर निषाद निवासी राजहरा ने अपनी मोटरसाइकिल लापरवाही से चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दी, जिससे यह दुर्घटना हुई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक दिलबर निषाद के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### ग्राम किकीरमेटा में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत किकीरमेटा मे पचरीकरण एवं सौंदरीकरण का भूमिपूजन सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने किया। उन्होंने कहा कि खारून नदी के तट मे बसे किकीरमेटा मे सांसद निधि द्वारा.10 लाख के पचरीकरण सौंदयऍंकरण का एक हिस्सा है, जो जल स्त्रोतों को मजबूत करता है, जबकि सौंदयऍंकरण उस पूरे क्षेत्र को विकसित करके उसे सुंदर और उपयोगी बनाता है। समारोह में सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू के साथ अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पाटन लालेश्वर साहू, सरपंच किकीरमेटा देवकी जेठूराम निषाद, पंच तेजराम चक्रधारी, मोतीराम निषाद, महेंद निषाद, पावन चक्रधारी, शकुंतला चक्रधारी, पुष्प निषाद, उर्वशी निषाद, लेखपाल सिन्हा, कुंवरसिंह निषाद, कौशल गंजीर, अभिषेक सेन मंचासिन रहे।

### जिले में महापरीक्षा अभियान उल्लास का आयोजन कल

**डौंडीलोहारा।** बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन संपूर्ण बालोद जिले में भी 7 दिसंबर को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक चिन्हाकित उल्लास परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी। इस महापरीक्षा अभियान में नवीन पंजीकृत असाक्षरों के साथ-साथ विगत वर्ष के असफल एवं परीक्षा में शामिल न होने वाले असाक्षर भी शामिल हो सकते हैं। परीक्षा केंद्र नगर अथवा ग्राम बसाहट के नजदीकी शासकीय विद्यालय होंगे। उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान नई शिक्षा नीति के तहत गांव अथवा शहर में निवासरत समस्त लोगों को साक्षर बनाना है, शत प्रतिशत साक्षरता के लिए सामूहिक रूप से सम्यक प्रयास से ही सफलता प्राप्त मिल सकती है इस महा परीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी बालोद ने समस्त लोगो से अपील की है।

### ग्राम मोखा में शिव महापुराण कथा जारी

**गुरूर।** ग्राम मोखा में शिव महापुराण का कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक महराज कृष्णकांत तिवारी द्वारा वाचन किया जा रहा है, जिसका आयोजक शिव शक्ति महिला समूह व विनीत समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से की जा रही है। इसमें चतुर्थ दिवस पर बीच शिव महापुराण कथा के इस कार्यक्रम में अतिथि भाजपा मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, सरपंच बोहारडीह राजेंद्र साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, ग्रामीण उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, संचालक कारी बदरिया युगल किशोर साहू, इंद्रसेन गजेंद्र व उनकी पत्नी रेणुका गजेंद्र पूर्व सरपंच भेजा की उपस्थिति साथ ही समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में कथा श्रवण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा शिव महिमा का बखान किया गया और उन्होंने कहा कि हम सभी धर्म मंच से जुड़ें। अतिथियों का श्रीफल व वस्त्र भेंट कर विदाई किया गया।

## प्रशिक्षण

**मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण का आज होगा समापन**

# गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर बता रहे पंचगव्य के लाभ





हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर



गौ उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण गौ सेवा आयोग कार्यालय में लगातार दूसरे दिन भी संचालित रहा। शनिवार को इसका समापन होगा। प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रशिक्षक गौ सेवा गतिविधि केईएन राघवन द्वारा दिया जा रहा है। आयोग के अध्यक्ष बिशेसर सिंह पटेल गौ सेवा गतिविधि प्रांतीय संयोजक अन्ना सफ़ारे द्वारा प्रशिक्षण शिविर में मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनरों को गौ से प्राप्त पंचगव्य एवं पंचामृत के गुण के साथ उसके मानव जीवन में उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान देशी गाय के गोबर गौमुत्र को मानव जीवन किस प्रकार से प्रभाव होता है। गोबर गोमूत्र किस प्रकार मानव, प्रकृति, जीव जंतुओं के स्वास्थ की रक्षा में सहायक है, इसकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में गोबर गौमूत्र व अन्य जड़ी बूटियों के माध्यम से दैनिक उपयोग की सामग्री निर्माण कर हम रसायन युक्त सामग्री के दुष्परिणामों से कैसे बच सकते इसका प्रशिक्षण दिया गया। शिविर मे गोबर गोमूत्र से धूप बत्ती, मंजन, केश कांति, बाड़ीवास, बर्तनवास, गोनाईल, दर्दनाशक, वात नाशक, एंटी रेडिएशन, साबुन, गौ आसन, घुटना दर्द नाशक, मुख कांति चूर्ण, केश निखार मलहम आदि बनाकर हम हानि रहित वैदित सामग्री का निर्माण कर मानव जीवन को कष्ट रोगों से मुक्त रख सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्राचीन भारतीय परंपराओं में गोबर गौ मूत्र का उपयोग किया जाता था, उसके पीछे हमारे वेद पुराणों में ग्रंथों की वैज्ञानिक सोच थी। आज विभिन्न परीक्षणों में यह सिद्व हो गया है कि प्राचीन भारतीय परंपराओं का पालन कर मानव जीवन को निरोगी रखा जा सकता है। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेसर सिंह पटेल ने कहा यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनर ग्राम, ब्लाक व जिला स्तर पर प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन कर आम जन को गौ आधारित कृषि के लिए प्रेरित करने एवं गौ उत्पाद निर्माण के हानिकारक प्रभाव वाले रसायन से रोग मुक्त जीवन बनाने का कार्य करेंगे। शिविर में बालोद जिले से 12 से अधिक गौ सेवक जिनमें जिला स्तरीय, ब्लाक स्तरीय समितियों के सदस्य एवं गौ शाला प्रतिनिधि प्रशिक्षण के लिए पहुंचे हैं।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन प्रातः अग्निहोत्र हवन, पूजन व गौ माता की आरती की जा रही है। हवन के बाद केईएन राघवन एवं अध्यक्ष बिशेसर सिंह पटेल द्वारा विभिन्न कथाओं प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों को जीवन उपयोगी मार्गदर्शन कर रहे हैं।

# भगवद गीता में है जीवन की सभी समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ मुक्ताश्रम हथौद में मनाई गई श्रीमद् भगवद् गीता जयंती

मुक्त साधकों का तीर्थ मुक्तश्रम हथौद में 28वें वर्ष मोक्षदा एकादशी को श्रीमद् भगवद गीता जयंती संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान योगेश्वर कृष्ण और भगवद गीता माता के पारंपरिक पूजन, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण अतिथियों द्वारा कर की गई।

मुक्ताश्रम हथौद में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय के बच्चों द्वारा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हेमंत सिन्हा जी के मार्गदर्शन में की गई। उद्बोधन की शुरुवात मुख्य अतिथि गोविंद साहू मुक्ताश्रम न्यास आशीर्वचन से हुई। जिसमें भगवद्गीता के स्वाध्याय पर देते आपने गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते जागेश्वर साहू ने गीता पढ़ने बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योगाचार्य हेमंत सिन्हा ने युद्ध भूमि में अपने नैराश्य को प्राप्त अपने परम शिष्य अर्जुन को निमित्त बना कर मानव मात्र को जीवन दर्शन प्रदान श्रीमद भगवद्गीता कहा। गीता माता जीवन के प्रत्येक समस्या का समाधान देती है। ब्रह्मलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज जी का स्मरण करते शिष्य के रूप में गीता स्वाध्याय को इष्ट ग्रंथ के रूप में स्वीकार करने की बात कही। कार्यक्रम में राम भरोसा साहू, लखन ठाकुर, संतोष सिन्हा, आनंद राम ठाकुर, देवेंद्र साहू सहित सरस्वती शिशु उच्च विद्यालय हथौद के दीदी गण, आचार्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पांडे आचार्य जी ने किया। श्रीमद भगवद्गीता जी के आरती के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उकताशय की जानकारी कार्यक्रम के प्रायोजक प्रखर वेदांत प्रवक्ता नाड़ी विशेषज्ञ डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने प्रदान की।

### राज्य स्तरीय महिला और पुरुष वेटलिफ्टिंग स्पर्धा के खिलाड़ियों का ट्रायल कल




**बालोद।** रायपुर में 19 से 21 दिसंबर तक होने वाली 23वीं सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए जिला टीम का चयन किया जाना है। जिला संघ द्वारा कहा गया है कि जो भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते हैं वह 7 दिसंबर को फिटनेस वर्ल्ड जिम बालोद में ट्रायल हेतु सुबह 11 बजे तक आ जाएं। चयनित खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ी अपना आधार कार्ड अवश्य लाएं।

# किसान चौपाल में रबी फसल के लिए दिया गया प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज:बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मागदर्शन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले के सभी ग्रामों में किसान चौपाल आयोजित कर कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर रबी फसल के रूप में दलहन, तिलहन, मक्का आदि की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसदा में जहाँ 100 एकड़ रकबे में ग्रीष्मकालीन घान की खेती होती थी, वहाँ इस वर्ष धान फसल के स्थान पर सरसों 120 एकड़, चना 90 एकड़ गेहूँ, 50 एकड़ एवं उतेरा फसल के रूप में तिवड़ा आदि की खेती कर रहे है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा इस वर्ष जल जतन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ग्राम परसदा के कृषक बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है, जिससे फसल चक्र परिवर्तन करके जल संरक्षण संभव हो पाए एवं गांवों में ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो।

# किलकारी व मोबाइल एकेडमी की कार्ययोजना पर की गई कार्यशाला

**बालोद।** जिले में किलकारी एवं मोबाईल एकेडमी का कार्ययोजना निर्माण हेतु कार्यशाला का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कार्यशाला में गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के चौथे महीने से लेकर बच्चे के 01 साल होने तक प्रत्येक सप्ताह उनकी गर्भावस्था के महीने एवं शिशुवती माताओं को बच्चे के उम्र के हिसाब से आईवीआर (इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस) आधारित ऑडियो संदेश फोन कॉल के रूप में भेजते है। जिसमें माता एवं बच्चों के सेहत, पोषण, परिवार नियोजन, टीकाकरण एवं अन्य सेवाओं के बारे में सही समय पर सटीक और प्रासंगिक जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना एवं पोषण संबंधित व्यवहारों में सुधार लाना है। साथ ही आरसीएच पोर्टल पर सही मोबाईल नंबर प्रविष्ट करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि आरसीएच पोर्टल पंजीयन होने के बाद गर्भावस्था के चौथे माह से किलकारी के 1600403660 नंबर से उक्त संबंध में जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि यदि किसी कारणवश महिला किलकारी से आने वाले कॉल नही उठा पाती या उस सप्ताह के संदेश को फिर से सुनना चाहती है तो वह इसे सुनने के लिए 14423 एवं 18005321255 डायल कर सकती है। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आर.सी.एच. नोडल अधिकारी, जिला प्रबंधक प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन, जिला डाटा प्रबंधक, जिला आरएमएनसीएच सलाहकार, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, विकासखण्ड डाटा प्रबंधक, काऊंसलर, मितानिन कार्यक्रम के जिला एवं विकासखण्ड के समन्वयक एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जीवन दीप समिति बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर



प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बोड़रा में जीवन दीप समिति की सामान्य सभा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्य उपस्थित थे।

इसमें समिति के अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता साहू, सचिव खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर डॉ. सुनील भारती, सदस्य विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक गुरूर योगेश कुमार साहू, प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बोड़रा किरण कुमार बंजारे, सुपरवाईजर सेक्टर धनेली अंजली गंधर्व, जनपद सदस्य बोड़रा जनपद गुरूर दुर्गानंद साहू, विधायक प्रतिनिधि बोड़रा रामरतन सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत बोड़रा टिकेश्वरी सिन्हा, सचिव ग्राम पंचायत बोड़रा नंदन साहू, महिला पंच ग्राम पंचायत बोड़रा नीता बाई, आगनबाड़ी कार्यकर्ता बोड़रा ललिता चौधरी, मितानीन ग्राम पंचायत बोड़रा त्रिवेणी बाई उपस्थित थीं। इसमें प्रस्ताव पारित किया गया कि सीएचसी गुरूर एवं सीजीएमसी मे कम्जूएबल सामग्री उपलब्ध नहीं होने पर गुरूर से जन औषधी या मेडिकल स्टोर्स से क्रय किया जाना है। जनपद अध्यक्ष की उपस्थिति में सरपंच के समर्थन से एक क्वार्टर बनाने अनुमति मिली, जिसमें अनुमानित लागत 28 लाख होगी। फण्ड की उपलब्धता के आधार पर वैक्सीन एवं लैब कक्ष हेतु 11 नग एसी क्रय किया जाएगा। छत का वाटर प्रूफ्रिग फण्ड की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। मरीजों के परिजनों के बैठने हेतु प्रतिक्षा शेड फण्ड की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। जीवन दीप समिति कर्मचारी जिनका कार्य 10 वर्ष पूर्ण हो चुका है, उनका कलेक्टर दर से मानदेय देने प्रस्ताव लिया गया। फण्ड की उपलब्धता के आधार पर मिटिंग कक्ष तक जाने के लिए टाईल्स लगाया जा सकेगी। साथ ही कार्यालय तथा औषधी कक्ष भण्डार कक्ष तक जाने चेकर टाईल्स लगाये जाने प्रस्ताव लिया गया। साथ ही गार्डन का कायाकल्प हेतु फण्ड की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा।

# भागवत में सृष्टि के आरंभ की कथा सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा





पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी श्रीमती स्व.कमला देवी साहू जी की पुण्य स्मृति में गृह ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस में माता सती, पार्वती, धुव्र चरित्र कथा में सुष्टि विषयक चर्चा में भगवान के द्वारा जगत की स्थिति पालन और संहार को वृहद चर्चा करते परमात्मा के अस्तित्व को विशद को ही जगत का आधार बताया गया। जो दृश्यमान है वह असत और जो दिखता नहीं केवल अनुभव का विषय है वह भगवान है। सृष्टि विषयक कथा के उपरान्त महात्मा विदुर के चरित्र पर प्रकाश डालते हुये महाराज जी ने कहा विषया सक्त परमात्मा से अपने को दुर समभूक्ता है किन्तु शब्दतात्पर्य रूप रस गंध आदि विषयों से दुर रहकर जीव परमात्य तत्व का अनुभव करता है। विदुर भक्त की कथा प्रत्येक जीव मात्र को भाव सहित प्रपंच रहित रहकर सहज ही परमानंद की अवस्था में पहुँचाती है।

भगवान से भी अधिक भक्तों की गाथा श्रीमद्भ भागवत में वर्णित है विषय वासनाओं से दुर रहकर मनुष्य जीवन को धन्य बना सकता है। आत्म तत्व ज्ञान के लिए सहज़ सरल विनय युक्त जीवन ही श्रेयस्कर है। पश्तात सती चरित्र की व्याख्या करते हुये बताया गया अंहकार ही पतन का कारण है दक्ष के अंहकार ने भगवान शिव को अपमानित कर स्वंय का नाश कराया। जीव ही शिव है किसी जीव का तिरस्कार व अपमान ही मनुष्य जीवन में पतन का कारण होता है। कोई भी यज्ञ बिना सदभावना को सफल नहीं होता। प्रेम, दया, करुणा आदि गुणों से ही जीवन का यज्ञ सफल होता है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर,शहर जिला अध्यक्ष धीरज बकाली वाल, संजय कोहले, मुकुंद भाऊ, चंद्रकांत कोरे, प्रेम लता साहू, सोनिया देवांगन,झुमुक लाल साहू,ग्राम बैजलपुर जिला बेमेतरा से होम लाल साहू बोधन साहू धनजय साहू देवेंद्र कुमार, दिलीप साहू, लीला साहू कृष्णा साहू, लखन साहू, डॉ प्रहलाद वर्मा, वीरेन्द गोवस्वामी, अशोक साहू, डालेश्वर, नील कमल ताम्रकार, जालम सिंह, खेम चंद जैन, कौशल ताम्रकार सहित अलग अलग जिलों से श्रोता गण उपस्थित हुये। आयोजन कर्ता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,जितेंद्र साहू, सरिता साहू, भूषण साहू, योगिता साहू, हर्ष साहू, केशर साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद देशमुख, नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, रमा साहू,जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमीत गायकवाड सहित अन्य शामिल हुए।

### पीएम आवास की जानकारी क्यूआर कोड से प्राप्त करें

**बालोद।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में आवश्यक जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जनपद पंचायत बालोद क्षेत्रंतर्गत क्यू आर कोड के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक स्वी—त आवासों की जानकारी हेतु ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड का चस्पा किया जा रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामीणो के द्वारा अपने मोबाईल में क्यूआर कोड को स्केन कर सरलतापूर्वक जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

**ग्रामीण विकास समिति अर्जुनी में संकुल स्तरीय आयोजन**

# बाल क्रीड़ा स्पर्धा में छलका उत्साह, समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर



शाला विकास समिति व ग्रामीण विकास समिति अर्जुनी द्वारा संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसका समापन आज 6 दिसंबर को होगा। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी हेमलता साहू ने किया।

विशेष अतिथि जनपद सदस्य लता लक्ष्मी चंद साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद चंद्रिका गंजीर, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर गणेश्वरी खरेन्द्र, उपसरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी चुम्मन लाल साहू, अध्यक्ष महार समाज मोहन कामड़े, ग्रामीण अध्यक्ष परदेशी रावटे, अध्यक्ष हल्बा समाज परदेशी नायक, साहू समाज अध्यक्ष नरोत्तम साहू, चिन्टू राम, बृजभूशण आंधिया, पंच शकुन्तला, पूर्णिमा, सरिता, बिदेरावटे, मोनिका, भुवन साहू, नोखेलाल भण्डारी, जयप्रकाश साहू, मधुबाई उपस्थित थे। वहीं 5 दिसंबर को शाम सांस्कृति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष भाजा मंडल गुरूर धर्मेन्द्र साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष क्रीड़ा समिति प्रेमलाल साहू ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सोरर जागेश्वर साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज सोरर पीलू राम साहू, अध्यक्ष जनभागीदारी पालक समिति प्राथमिक शाला अर्जुनी जितेन्द्र कुमार, अध्यक्ष जनभागीदारी पालक समिति पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी चमेली बाई, उपाध्यक्ष सुरेखा कोटपरिया, उपाध्यक्ष हेमलता पिस्दा, सेल्समेन अशोक साहू, क्रीड़ा समिति उपाध्यक्ष लोकशाय साहू, क्रीड़ा समिति सचिव महेन्द्र भारद्वाज, शिक्षक संकुल समन्वयक पीताम्बर साहू उपस्थित थे। समापन समारोह 6 दिसंबर के अवसर पर शाम 4 बजे मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद व चेयरमेन रेडक्रास सोसायटी तोमन लाल साहू होंगे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक शाला सोहपुर बालसिंह मंडावी करेंगे। विशेष अतिथि सभापति पूर्व जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू, जनपद सदस्य लतालक्ष्मीचंद, भाजपा महिला मोर्चा दीपा साहू, सरपंच अर्जुनी हेमलता साहू, सरपंच सोहपुर सीमा साहू, सरपंच सोरर लेखराजपुरी गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष अर्जुनी यशवंतपुरी गोस्वामी, उपसरपंच अर्जुनी चुम्मन लाल, भाजपा बूथ अध्यक्ष अर्जुनी भूशण लाल साहू, अध्यक्ष शिक्षा समिति नोखेलाल भंडारी, ग्रामीण सचिव टीकम साहू, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अर्जुनी हिरामन साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ डागेश साहू उपस्थित रहेंगे।

